**खबर संक्षेप**

## वेलकम सर्वे 2024 में देश की राजधानी में करेगी प्रतिनिधित्व रागिनी परते



**भुआबिछिया।** निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के लिए मध्यप्रदेश से चयनित रागिनी परते जनपद सदस्य मध्यप्रदेश में महिलाओं की राजनीति में क्या भूमिका है देश के 29 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से आई महिलाओं के साथ मध्यप्रदेश में महिलाओं की भूमिका को देश के पटल पर रखेंगी वहीं इंडिया डेमोक्रेसी ऑफ स्कूल में 7 दिनों तक महिलाओं बालिकाओं के लिए अध्ययन कर अपनी समझ को सांझा करेंगी। रागिनी परते महिलाओं की मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं, राजनीतिक- सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो महिलाओं के दिल में अमिट छाप छोड़ती है। इस उपलब्धि के लिए सभी जनप्रतिनिधि परिवार जन मित्रों जिले वासियों ने बधाई शुभ कामनाएं दी।

## ठरका के मरीजों के सेंपल की रिपोर्ट निगेटिव

**मण्डला।** मण्डला जिले के ग्राम ठरका में उल्टी-दस्त के मरीजों के सेंपल जांच हेतु जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजे गये थे। सभी मरीजों के सेंपल की जांच रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम ठरका में कथित रूप से डायरिया से ग्रामीण पीड़ित हुए थे। यहां पर स्वास्थ्य टीम द्वारा 5 रेक्टल सेंपल, 9 स्टूल डायरिया सेंपल मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजे गये थे। सभी सेंपल की जांच रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है। मरीजों के सेंपल में किसी भी प्रकार का बैक्टीरिया नहीं पाया गया है।

## 10 वर्ष का कार्यकाल देश का स्वर्णिम युग-आशीष दुबे

# जनकल्याण के संकल्पित भाजपा सरकार

*** भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शुक्रवार को मण्डला भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता के तौर पर जिला संगठन प्रभारी एवं जबलपुर सांसद आशीष दुबे उपस्थित हुए। उन्होंने प्रदेश सरकार के बजट सहित भाजपा सरकारों के जनहितैषी कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बीते वर्षों से केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आमजन के जीवन में आये परिवर्तनों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों का कार्यकाल भारत के इतिहास में स्वर्णिम कार्यकाल के तौर पर दर्ज हो गया है। 6 दशकों के बाद स्थिर सरकार और लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री मोदी को जनता ने पुनः जनादेश दिया। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, विनोद कछवाहा और प्रफुल्ल मिश्रा उपस्थित थे।

### सभी 29 सीटें जीतकर भाजपा ने रचा इतिहास

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों और कार्यकर्ताओं की मेहनत से 2019 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में विभिन्न राज्यों में हमारा वोट प्रतिशत बेहतर हुआ है। मध्यप्रदेश में भाजपा ने सभी 29 सीटें जीतकर ऐसा इतिहास रचा है जिसे कभी तोड़ा नहीं जा सकता है। मध्यप्रदेश में भाजपा का वोट प्रतिशत निरंतर बढ़ रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में 58 प्रतिशत था जो बढ़कर 59.27 प्रतिशत हो गया है। भाजपा मध्यप्रदेश के सामूहिक नेतृत्व, कुशल रणनीति और कार्यकर्ताओं के समर्पण की वजह से विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित हुई है।

### अगले पांच वर्ष में प्रदेश का बजट दोगुना

मध्य प्रदेश के बजट और मोहन सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए सांसद श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार का प्रयास है कि अगले पांच वर्ष में प्रदेश का बजट दोगुना किया जाये। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में बिना किसी कर लगाये पिछले वर्ष के मुकाबले 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2003 के मुकाबले प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर लगभग 11 गुना हो गयी है। 2.30 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। प्रदेश में विभिन्न एक्सप्रेस वे और विकास पथ के माध्यम से विकास को नयी गति मिली है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सड़क योजना से प्रदेश की 1 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण और करीब 2 हजार सड़कों का नवीनीकरण होने जा रहा है। अगले 5 वर्षों तक सिंचाई का रकवा 1 करोड़ हेक्टेयर किये जाने का लक्ष्य है। आमजन को स्वास्थ्य सुविधा आसानी से उपलब्ध हो उसके लिए नये मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही गरीब लोगों को आपात स्थिति में उच्चस्तरीय चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की गयी है।



### बहरूपियों से सावधान

सांसद श्री दुबे ने कहा कांग्रेस को जब 40 सीटें मिलती हैं तो जनेऊ पहनकर पहनकर मंदिरों में जाने लग जाते हैं और जैसे ही उन्हें 99 सीट मिली तो लोकतंत्र के मंदिर में पूरे हिन्दू समाज को हिंसक बोला गया। जैसे ही इनका संख्या बल बढ़ता है तो इनके इरादे, बोली बदल जाती है। जब संख्या कम हो गई थी तब भाई बहन मंदिर जाकर सनातनी होने का प्रयास कर रहे थे। हमें इन बहरूपियों से सावधान रहना है। 1975 में आपातकाल लगा कर देश के संविधान को तार-तार करने वाले आज संविधान को लेकर सदन में आ रहे हैं।

## आउट सोर्स कर्मचारियों की सेवा समाप्त की कार्रवाई



*** ब्लड बैंक के कर्मचारियों को नोटिस जारी कर मांगा जबाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला चिकित्सालय मंडला के ब्लड बैंक में 10 जुलाई को आवेदक फूल सिंह मसराम निवासी ग्राम उमरिया विकासखण्ड मोहगांव को ब्लड बैंक से ब्लड उपलब्ध कराने के एवज में रूपयों की मांग किये जाने तथा ब्लड सेंटर में रक्त उपलब्ध होने के बाद भी कार्यरत कर्मचारियों द्वारा भ्रामक जानकारी देते हुये बाहर से रक्तदाता लाने के लिये प्रेरित किया गया। शिकायत सामने आने पर प्रकरण की जॉच अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह एवं अरविंद सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ केसी सरोते, सिविल सर्जन डॉ विजय धुर्वे द्वारा कार्रवाई की गई।

### नोटिस जारी कर मांगा जबाव

इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला द्वारा ब्लड सेंटर अनुबंधित फर्म सूर्या चेरिटेबिल ट्रस्ट मुंबई को उनके अधीनस्थ आउटसोर्स कर्मचारी शुभम जंघेला लेब सुपरवाईजर, दुर्गेश कछवाहा वैन चालक, कमलेश धुर्वे वैन अटेण्डर की सेवा समाप्त की कार्यवाही की गई। नियमित लेब टेक्नीशियन यदुराज चौरसिया, यदुवेश यादव, श्याम हरदहा व नर्सिंग आफिसर उर्मिला मर्सकोले, वर्षा पटैल को नोटिस जारी करते हुए 24 घण्टे में जबाब मांगा गया। संविदा लेब टेक्नीशियन अशोक कुमार उइके, पवित्र कछवाहा, रविंद्र मर्सकोले को नोटिस जारी करते हुए 24 घण्टे मे जबाब मांगा गया एवं संतोषप्रद जबाब ना पाने पर सेवा समाप्ति हेतु लिखा गया। उक्त संबंध में जिला चिकित्सालय मण्डला के पैथालॉजिस्ट को भी नोटिस जारी करते हुए जबाब मांगा गया है। प्रकरण में रक्त उपलब्ध कराने वाले प्रदीप बरमैया के विरूद्ध पुलिस थाना मण्डला में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया है।

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर 15 जुलाई से

**मण्डला।** लम्बित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 15 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक जिला पेंशन कार्यालय मंडला में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को निर्देशित किया है कि जून 2024 तक के लम्बित पेंशन प्रकरण प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा कर शिविर अवधि में ही निराकरण करना सुनिश्चित करें।

## स्कूल चलें हम, दस्तक अभियान तथा वृक्षारोपण कार्यक्रमों के तहत संचालित गतिविधियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शुक्रवार को बीजाडांडी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल चलें हम, दस्तक अभियान, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों के तहत संचालित गतिविधियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विभागीय योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, ईईपीएचई मनोज भास्कर, एसडीएम निवास शाहिद खान, बीजाडांडी के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश सिंगरौरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने पिपरिया विजयपुर, मानिकसरा तथा घुघरी में पौधारोपण किया।



### मध्यान्ह भोजन में लापरवाही पर समूह को नोटिस

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिडाना ने एकीकृत पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया विजयपुर का निरीक्षण करते हुए 15 जुलाई तक शतप्रतिशत नामांकन तथा पुस्तक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अध्यापन में गुणवत्ता पर फोकस करें। विद्यालय में बनाए गए स्टीम लेब का उपयोग करें। शाला परिसर की साफ-सफाई पर ध्यान दें। मध्यान्ह भोजन का स्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित स्व सहायता समूह को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन में मेन्यू का पालन करें, हरी सब्जियों का उपयोग करें। संबंधित शाला के शिक्षक मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा मेन्यू की नियमित रूप से जाँच करें। उन्होंने शाला परिसर में माँ की बगिया विकसित करने के भी निर्देश दिए।

### कोदो और कुटकी के बीज का वितरण

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्राम पिपरिया माल में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत किसान शिवकुमार, धनराज, मुन्नालाल वरकड़े तथा दशरथ मरकाम को कोदो और कुटकी का बीज वितरण किया। उन्होंने मानिकसरा ग्राम में निर्मित कृषक उत्पादक संगठन के किसानों को रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी।

## एनसीसी कैडेट्स ने लगाए फलदार व औषधीय पौधे



*** पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ, वृक्षों का बताया महत्व।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में वन एमपी आर्टीलरी रेजीमेंट एनसीसी कैडेट्स ने वृक्षारोपण कर वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ ली। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने आम, नीम, पीपल, कंजी एवं जामुन के फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए। उन्हें संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। एनसीसी प्रभारी विपिन लखेरा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई एवं वैश्विक ताप वृद्धि, जल की उपलब्धता, स्वच्छ वायु के प्रवाह में वृक्षों का महत्व बताया।

सुश्री मुक्त खाका ने छात्रों को पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वृक्षारोपण करने की सलाह दी। एएनओ संजय धनगर ने कार्यक्रम संचालित करते हुए हरित पर्यावरण में एनसीसी कैडेट्स को कर्तव्यों से परिचित कराया। हरित कोर मास्टर ट्रेनर अखिलेश उपाध्याय ने वृक्षारोपण के लिए छात्रों का मार्गदर्शन कर एक पौधा मां के नाम अभियान की जानकारी दी। एनसीसी कैडेट्स ने प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य को जाना।

**गफलत** | आमा डोंगरी पंचायत में 1 वर्ष भी नहीं टिक पा रही नव निर्मित पुलिया।

# निर्माण कार्य में हुआ गुणवत्ता से समझौता

*** राजनैतिक रसूख का सहारा ले रहे भ्रष्टाचारी, औचित्यहीन निर्माण कार्य।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

बिछिया विधानसभा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आमा डोंगरी में गत वर्ष 3-रो वाली एक पुलिया का निर्माण राजनीतिक पकड़ रखने वाले कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी के निरीक्षण में किया गया है, यहां आपको यह बताना मुनासिब होगा कि 1 वर्ष के भीतर ही इस पुलिया में बड़ी-बड़ी दरारें दिखाई देने लगी हैं।





सूत्रों से पता चला है कि युवा कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी की देखरेख में इस घटिया पुलिया का निर्माण कराया गया है और कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया की पुलिया का निर्माण औचित्यहीन है, इसके बाद भी जैसे-तैसे राजनीतिक पकड़ के चलते कांग्रेसी नेता द्वारा जानबूझकर जरूरत विहीन स्थान पर बड़ी पुलिया बनवाई गई।

शासन के पैसों के दुरुपयोग वाली आमा डोंगरी पंचायत की नव निर्मित घटिया पुलिया की जानकारी निश्चित तौर विधानसभा की विधायक नारायण सिंह पट्टा को भी होगी, इसके बाद भी उनका इस घटिया पुलिया निर्माण के विषय से दूरी बनाए रखना समझ से परे हैं।

यदि बिछिया विधायक को इस विषय की जानकारी अब तक नहीं है तो अब इसकी जानकारी लगने के बाद उनकी प्रतिक्रिया क्या होगी जिससे उनकी राजनीतिक करियर में प्रश्न चिन्ह खड़े न हो सकें ?

क्या किसी भी राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारी का केवल व्यक्तिगत फायदे के चलते पैसे कमाने के लिए पार्टी से जुड़ा होना सही है?

आमा डोंगरी पंचायत की स्थानीय जनता का एक प्रश्न यह भी है कि कोई भी शासकीय निर्माण कार्य शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के निरीक्षण में किए जाते हैं और निश्चित ही इस पुलिया का निर्माण भी उपयंत्री (सब इंजीनियर) की देखरेख और निर्देशन पर ही हुए हैं, इसके बावजूद भी आमा डोंगरी ग्राम पंचायत पर बनाई गई पुलिया 1 वर्ष भी नहीं चल पा रही और उसमें दरार सामने आ रही है। क्या निर्माण ठेकेदारों द्वारा एक मुश्त राशि बंद लिफाफे में अधिकारियों तक पहुंच जाती है जिसके चलते अधिकारी एवं उपयंत्री आंख मूंद कर निर्माण कार्य करवा देते हैं?

## आंगनबाड़ी केन्द्र छोटी खैरी में आयोजित किया गया जागरूकता अभियान

**मण्डला।** हब फोर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र छोटी खैरी मण्डला में डीबीटी सक्षमता, पीएमएमवीवाई लाभार्थियों के साथ योजना से संबंधित चर्चा की गई। साथ ही गर्भवती महिला एवं महिला श्रमिकों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर के समस्त अधिकारी, कर्मचारी स्टॉफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सांसद आशीष दुबे का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोकसभा सांसद के तौर पर पहली बार मंडला पहुंचे जबलपुर सांसद आशीष दुबे का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। आशीष दुबे भाजपा संगठन के प्रभारी हैं इसके कारण उनका मण्डला के कार्यकर्ता उनसे आत्मीय जुड़ाव महसूस करते हैं। ऐसे में जब वे लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार मंडला के भाजपा कार्यालय पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल ढ़माकों और फूल माला से उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्हें संगठन के कार्यों का अच्छा अनुभव है। हमारी शुभकामनाएं हैं कि आने वाले समय में राजनीतिक जीवन में नए नए उन्नति के शिखर तक पहुंचे और जनसेवक के तौर पर नया कीर्तिमान रचें। इस दौरान अध्यक्ष द्विवेदी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने फूल माला से सांसद को जीत की बधाई दी।

# अनदेखी के चलते छोटे वाहन चालकों को करना पड़ रहा मुश्किलों का सामना, आये दिन जहां तहां बाइक स्लिप होने के कारण घायल हो रहे लोग...

**केच व्हील वाले ट्रेक्टरों से खेतों की गिली मिट्टी सड़कों पर फैलने से बन रही दुर्घटनाओं की अशंका...,**





**गाडरवारा।** भले ही पुलिस द्वारा इस समय जहां तहां अपने पाईन्ट लगाते हुए वाहन चैकिंग की जा रही हो मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश नही लगने के कारण अनेक लोग बैमौत मारे जाते है? क्योंकि पुलिस की वाहन चौकिंग कार्य प्रणाली मात्र औपचारिकता पूर्ण होने के कारण न तो उसके द्वारा यातायात व्यवस्था सुधारने की ओर पहल की जा रही है और न ही आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर कोई गंभीरता बरती जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो वाहन चालको की मनमानी इस तरह से हावी हो रही है कि शायद उनके दिलों से आम लोगों की जिन्दगी का महत्व ही समाप्त हो चुका है? क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि जब बारिश का मौसम यानि की किसानों का धान रोपने की शुरूआत होती है तो उनके द्वारा जिस तरह धान के खेतों को तैयार करने में उपयोग किये जाने वाले ट्रेक्टरों को सड़को पर दौड़ते हुये गिली मिट्टी फैलाई जाती है वह सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनने के साथ साथ अनेक लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। यह बात अलग है कि इस वर्ष बारिश देर से शुरू होने के कारण क्षेत्र में किसानों द्वारा अपने खेतों को नलकूपों के माध्यम से भरते हुये धान लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया था और अब बारिश को दौर शुरू हो जाने से वह अपनी धान लगाने की तैयारी में जुटे हुये देखे जा रहे है जिसके चलते धान लगाने के लिये वह अपने ट्रेक्टरों के बड़े चाको में केच व्हील लगाते हुये मचाने का कार्य करने में जुटे हुये देखे जा रहे है । इस कारण बारिश का दौर शुरू होते ही उनके द्वारा अपने खेतों में धान फसल रोपने के लिये जिस प्रकार से खेतों को तैयार करने में जुट चुके है और इस दौरान सड़को पर और अधिक मात्रा में गिली मिट्टी फैलते हुये देखी जा रही है जो दुर्घटनाओं का कारण बनने से नही चूक रही है? इस तरह धान के लिये खेत तैयार करने के दौरान जिस प्रकार से ट्रेक्टर खेतों में चलने के बाद निकलते हुये सड़क पर पहुंचते है तो ट्रेक्टरों के चाको में लगी हुई पूरी मिट्टी सड़क पर बिखरने से नही चूकती है, जो सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हुये देखी जाती है। यह सच्चाई सिर्फ इस वर्ष ही नही बल्कि हर वर्ष बारिश के दौरान जब इस प्रकार से किसानों के खेतों में धान लगाने का दौर शुरू होता है तो क्षेत्र की सड़क कीचड़ से सराबोर होने के दौरान यदि जरा सा भी पानी गिर जाता हे तो स्थिति भयानक रूप धारण कर लेती हे। यह सच्चाई बीते हुये एक माह से देखने मिल रही है जिसके कारण क्षेत्र की सड़को खेतों की गिली मिट्टी के चलते जहां तहां कीचड़ फैलने से नही चूक रही है और छोटे से लेकर बड़े वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार होते चले जा रहे है। क्योंकि क्षेत्र के किसानों द्वारा अपने खेतों में केच व्हील वाले ट्रेक्टरों का उपयोग करने के उपरांत कीचड युक्त अपने ट्रेक्टरों को जिस सड़क से निकाला जाता है उसके चलते इन ट्रेक्टरों के चाकों की कीचड़ यानि की गिली मिट्टी सड़कों पर विखरने के कारण आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा करने से नही चूकती है? इस प्रकार की लापरवाही के चलते यदि बीते हुए वर्षो में घटित हुई घटनाओं पर गौर किया जावे तो अनेक युवाओं की मौत ट्रेक्टरों के माध्यम से फैली हुई इस कीचड़ के कारण ही हुई है और कुछ इसी प्रकार का हाल इस वर्ष भी देखने मिलना शुरू हो चुका है। जिसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होना आम बात होती चली जा रही है? इस प्रकार से खेतों में कैच व्हील वाले ट्रेक्टरों के उपयोग करने में किसानों द्वारा बरती जाने वाली लापरवाही के चलते अनेकोंबार तो किसान स्वयं ही इनका शिकार होकर अपनी जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूकते है? इसके बाद जब किसान धान के लिए खेतों को तैयार करने के उपरांत कीचड़ से सने हुये अपने ट्रेक्टरों को घर या फिर दूसरे स्थान पर ले जाते है तो जिस सड़क से वह ट्रेक्टर निकलता है उस मार्ग पर कीचड़ ही कीचड़ फैल जाता है। इस स्थिति में यदि कोई दो पहिया वाहन या फिर अन्य छोटे वाहन निकलते है तो ट्रेक्टरों के द्वारा फैली इस कीचड़ के चलते छोटे वान स्लिप होने से दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकते है? इस तरह से किसानों द्वारा बरती जा रही लापरवाही के चलते जहां आम जन के लिए खतरा पैदा हो रहा है। मगर इस पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा पूर्णरूप से उदासीनता बरती जा रही है, जिससे क्षेत्र में आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में यह सड़को पर फैलने वाली कीचड प्रमुख रूप से दिखाई दे रही है। इस सच्चाई को लेकर आमजन द्वारा प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस प्रकार से सड़को से कीचड़ युक्त चाक वाले ट्रेक्टरों के निकलने के चालको द्वारा बरर्ती जा रही उदासीनता को गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही की जावे। जिसके चलते आम लोगों द्वारा शासन प्रशासन से मांग की जा रही है कि सड़को पर कीचड़ फैलाने वाले ट्रेक्टर चालकों को प्रशासन द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए की यदि कोई भी ट्रेक्टर चालक इस प्रकार से कीचड़ युक्त ट्रेक्टरों को लेकर सड़को से निकलता है और सड़क पर कीचड़ फैलती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी? क्योंकि इस प्रकार से सड़कों पर फैलने वाली कीचड़ का शिकार उन लोगों के परिजन भी होने से नही बच पाते है जिनके द्वारा इस प्रकार से लापरवाही का परिचय देते हुए कीचड़ फैलाई जाती है, क्योंकि सड़को से सभी लोगों का निकलना होता है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय प्रमुख रूप से सालीचौका, सांईखेड़ा, चीचली, बारहाबड़ा, सिहोरा सहित क्षेत्र के अनेक मार्गो पर कीचड़ फैली हुई दिखाई दे रही है जिसके चलते छोटे वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। क्योंकि इस प्रकार से कीचड़ फैलने के बाद जब जरा सी बारिश हो जाती है तो तो कीचडयुक्त मार्ग और भयानक हो जाते है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से हथियार लेकर घुमते हुये किया गिरफ्तार

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास एक युवक अपने हाथ में तेज धारदार हथियार लेकर घूम रहा है। इस सूचना के चलते पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुये एक युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम दीपू पिता गुला जैसवानी उम्र 36 साल निवासी यादव मुहल्ला जवाहर वार्ड बताया गया। वही पुलिस द्वारा आरोपी के पास से एक बकानुमा हथियार जप्त करते हुये धारा 25 आर्म्स एक्ट क तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया।

### सांईखेडा पुलिस ने युवक के पास से जप्त की 7 ग्राम स्मैक

**सांईखेडा।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने के चलते जहां अपनी जिन्दगी बर्बाद करते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर क्षेत्र में आये दिन नये नये अपराध जन्म लेने से भी नही चूक रहे है। इसी के चलते मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा सभी थना प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये है। इसी के चलते बीते हुये दिवस स्थानीय पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम झिकोली निवावर मोड के शासकीय स्कूल के सामने खाली पड़े हुये मैदान में एक युवक अपने पास कुछ मादक पदार्थ रखे हुये बैठा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापा मारते हुये संदिग्ध हाल में एक युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम चिन्टू उर्फ प्रकाश पिता कैलाश चौकसे उम्र 30 साल निवासी वार्ड क्रमांक 4 सांईखेड़ा बताया गया। वही पुलिस द्वारा जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 7 ग्राम यानि की लगभग 70 हजार रूपया कीमत का स्मैक पावडर पाये जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया है।

### क्षेत्र में कागजों मे चल रहे अनेक आंगनबाडी केंद्र

**सांईखेड़ा।** शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्वेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है, मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं,बच्चों को नही मिल पा रहा है?जबकि इनके लिए सरकार करोडो रूपए खर्च कर योजनाए बनाती है,इस बात की सच्चाई इस समय समीपस्थ जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिलता और न पढाई सुविधा मिल रही है, वही गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी नही मिल पा रहा है, जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्णरूप से होती रहती है, ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ,केंद्र प्रभारियों की सांठगांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल कर दिए जाते है? अनेक केंद्रों पर मनमर्जी है उन्हे आंगनबाडी केंद्र को कब बंद करना है, कब खोलना यह सब उसकी मनमर्जी पर होता है?वही संबंधित अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ियों में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण देखने मिलता है? केन्द्र की अनेक योजनाएं बंद-आगंनबाडी केंद्रों मे चलने वाली गर्भवती महिलाओं, बच्चों के कुपोषण रोकने, पोषण आहार, गोद भराई, अन्न प्रसान,वजन मेला जैसी कई योजनाएं बंद पडी हुई जान पड़ रही है और इन तमाम कार्यक्रम सिर्फ कागजी खानापूर्ति तक सीमित है? वही आंगबाडियों द्वारा बनाए गए महिला स्व सहायता समूह की भूमिका भी संदिग्ध नजर आने से भी नही चूक पा रही है, जिसमें फर्जी समूह बनाकर फायदा उठाये जाने की चर्चाएं आम होती चली जा रही है।

## पुलिस ने अलग अलग स्थानों से भारी मात्रा में जप्त की गई अवैध शराब



**गाडरवारा।** पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार को लेकर चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिनों अलग अलग जगहों से अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम नवोदय विद्यालय के पास एक युवक थैले में शराब रखे हुये खडा है। पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर जब घेराबंदी करते हुये एक युवक को पकड़ते हुये उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम प्रवीण पिता दुर्गा प्रसाद सेन उम्र 40 साल निवासी ग्राम बोहानी बताया गया। वही युवक के पास से पुलिस ने 17 पाव शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सहावन टोला में सतीश पिता विश्राम पारधी के पास से 5 लीटर शराब तथा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में कमलेश पिता राधे श्याम कुर्मी उम्र 32 साल निवासी सुभाष वार्ड के पास से 5 लीटर व छिडाव घाट निवासी शंकर पिता मनीराम कहार के पास से 5 लीटर कच्ची महुंआ की एवं नगर के हनुमान वार्ड में भैयाजी पिता बाबू लाल विश्वकर्मा उम्र 48 साल के पास से 5 लीटर तथा समीपस्थ ग्राम झांझनखेडा में वही के निवासी आशीा पिता अजय कौरव उम्र 29 साल के पास से 15 पाव अंग्रेजी व नगर के डोला बाबा में हेंमत पिता विनोद नीरस के पास से 6 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सांईखेडा पुलिस द्वारा भी ग्राम बनवारी में वही के निवासी रहीम पिता लतीफ शाह उम्र 39 साल के पास से 16 पाव तथा ओम प्रकाश पिता खरगराम ठाकुर निवासी पिपरिया कला के पास से 17 पाव देशी तथा नगर के रम्पुरा तिरहा के पास से नेतराम पिता बट्टू लाल धानक निवासी ग्राम बगदरा के पास से 18 पाव व ग्राम मेहरागांव में वही के निवसी हल्के सिंह पिता लखन लाल नामदेव के पास से 21 पाव तथा सांईखेडा नाग मढिया के पास से अरविंद पिता अनिल वंशकार निवासी पिठवानी के पास से 16 पाव व ग्राम पीपरपानी निवासी योगेन्द्र पिता मंगल सिंह राहपूत के पास से भी 16 पाव तथा सेठान बस स्टेन्ड के पास से रवि कुमार पिता बैजनाथ कुशवाहा निवासी मिढवानी के पास से 23 पाव तो ग्राम उडनी निवासी जय शंकर पिता हल्के वीर बंशकार के पास से 17 पाव तथा ग्राम तूमडा में वही के निवासी शोभाराम पिता दामोदर पारासर के पास से 18 पाव तथा कुईया तिरहा के पास से सुद्दू पिता चन्ना चौधरी निवासी ग्राम संदूक के पास से 16 पाव तथा ग्राम पिपरिया कला निवासी रंजीत पिता संतोष ठाकुर के पास से 16 पाव, ग्राम मडगुला निवासी मोहन पिता सेवाराम अहिरवार के पास से 18 पाव व गुप्ता पेट्रोल पंप के पास से ग्राम खमरिया निवासी राम सिंह पिता रद्दू के पास से 16 पाव तो ग्राम झिरिया माता निवासी अमोल पिता परसराम लोधी के पास से 17 पाव तथा सांईखेडा की जानकी बिहार कालोनी में अंकित पिता रूपराम अहिरवार निवासी देतपोन के पास से 16 पाव तथा सी पी ए स्कूल के पास से ग्राम संसारखेडा निवासी राम सिंह पिता मंशराम किरार के पास से 16 पाव तो ग्राम बम्हौरी कला निवासी दशरथ पिता हिम्मत सिंह गुर्जर के पास से 16 पाव व बरहटा तिरहा के पास ग्राम शोकलपुर निवासी दीपक पिता वीरन नौरिया के पास से 18 पाव शराब की गई। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सूखाखैरी निवासी गजेन्द्र पिता लीलाधर कौरव तथा उमाशंकर पिता हल्के भैया कौरव के पास से अग्रेजी व ग्राम इमालिया में वही के निवासी संतोष पिता छिदामी लाल कौरव के पास से 5 लीटर तथा ग्राम बारहाबड़ा में वही के निवासी मुन्ना लाल पिता छिदम लाल यादव के पास से 10 लीटर तथा ग्राम गांगई तालाब के पास वही के निवासी चैन सिंह पिता नर्मदी प्रसाद अहिरवार के पास से 5 लीटर तथा ग्राम इमालिया पिपरिया निवासी रमेश पिता भैरो प्रसाद के पास से 5 लीटर तो बारहाबडा में वही के निवासी आकाश पिता विष्णु कसेरा के पास से 5 लीटर शराब करते हुये आरोपी के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।

## सट्टा पट्टी काटते हुये किया गिरफ्तार




**गाडरवारा।** सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा सटोरियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका गुड बाजार में पुलिस ने वही के निवासी मुकेश पिता बटोरी लाल चौधरी को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 220 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम नांदनेर ढाबा के पास राहुल पिता लक्ष्मी प्रसाद सिलावट उम्र 30 साल निवासी ग्राम खैरूआ के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 210 रूपया तथा सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा ग्राम गरहा में वही के निवासी विजय पिता गोकल प्रसाद बसेडिया के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 270 रूपया व नगर के स्टेशन रोड स्थित मालानी होटल के सामने धमेन्द्र पिता अशोक यादव उम्र 32 साल निवासी हनुमान वार्ड करेली व हाल निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा के पास से भी सट्टा पट्टी सहित नगदी 200 रूपया तथा नबर के बीटीआई स्कूल के सामने ओम प्रकाश पिता हेमराज मेहरा उम्र 34 साल निवासी गांधी वार्ड के पास से 220 रूपया तथा चीचली रोड कांच मंदिर के पास सुनील पिता कंछेदी लाल बाथरे निवासी ग्राम खैरूआ के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 320 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से नगर के चीचली तिरहा के पास कन्हैया लाल पिता राजू यादव उम्र 23 साल निवाी राजेन्द्र बाबू वार्ड के पास से पट्टी सहित नगदी 210 रूपया व ग्राम खुलरी में वही के निवासी मुरारी पिता शिवराम जाटव के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 340 रूपया तथा नगर के रायल्टी आफिस के पास गौरव पिता चंद्र प्रकाश छीपा उम्र 21 साल निवासी शिवाजी वार्ड के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्आी व नगदी 350 रूपया तथा नगर के पतलोन रोड छात्रावास के पास ओम प्रकाश पिता हेमराज मेहरा निवासी गांधी वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 180 रूपया तथा नगर के चीचली मार्ग फाटक के पास दीपेन्द्र पिता घनश्याम मेहरा 26 साल निवासी ग्राम महगंवा कला के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 160 रूपया जप्त करते हुये धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## तहसील कार्यालय के पीछे जुआं खेलते हुये गिरफ्तार



**सांईखेडा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसर बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की कुछ जुआरी तहसील कार्यालय के पीछे दीवाल की आड़ में जुंआ खेल रहे है। इस सूचना के चलते पुलिस द्वारा अचानक छापा मारते हुये मौके से अनवर उर्फ बब्लू पिता हैदर खान उम्र 48 साल निवासी राजीव वार्ड, इमरान पिता नफीस खान उम्र 35 साल निवासी निरंजन वार्ड, हल्के पिता इन्द्र अहिरवार उम्र 27 साल निवासी ग्राम पिठवानी, को जुंआ खेलते हुये रंगे हाथों पकडकर आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ते सहित नगदी 580 रूपया जप्त किये। इसी परकार से चीचली पुलिस द्वारा भी मुखबिर की सूचना के आधार पर जंगल क्षेत्र गोटीटोरिया में शिवम पिता श्रवण बजांरा निवासी गोटीटोरिया, आकाश पिता मुंशी लाल मेहरा निवासी गोटीटोरिया, प्रेम नारायण पिता सुन्दर लाल कौरव निवासी मुहपानी, सदीप पिता प्रेम लाल कतिया निवासी गोटीटोरिया को जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ते व नगदी 600 रूपया जप्त करते जुंआ एक्ट कि तहत मामला कायम किया गया।

## पंचायत के कार्य में बाधा पहुंचाने पर मामला दर्ज



**चीचली।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस प्रार्थी संतोष सोनी पिता मूलचन्द्र सोनी उम्र 59 वर्ष निवासी चीचली हाल पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सिंहपुर छोटा के द्वारा पंचायत के सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुये शिकायत करते हुये उल्लेख किया है कि चौधरी मोहल्ला सिंहपुर छोटा में स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 343/1-2 में शासन द्वारा प्रस्तावित सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य आरम्भ करने ग्राम सरपंच अनीता बाई व उनके पति मोहन के आलवा उप सरपंच सत्य नारायण कौरव, पटवारी चेतराम चौधरी के साथ गये थे। उसी दौरान गांव का दिनेश पिता भुवन लाल कौरव, अभय पिता नरेश कौरव एवं बृजबाई पति नरेश कौरव, नरेश पिता भुवनलाल कौरव चारों लोग आये और निर्माण कार्य करने से रोक दिये तथा बोलने लगे यहाँ पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराओगे यह हमारी जमीन है तथा उक्त जमीन को बखर लिये और धान का रोपा लगा लिये है। जबकि सामुदायिक भवन निर्माण के लिये चिन्हित किये गये स्थानों में लगाये गये खम्भों को बल पूर्वक उखाड़ कर फेक दिये, समझाने पर नहीं माने जिसके चलते इस तरह विवाद करने के कारण शासकीय कार्य शुरू नही हो पाने के चलते पुलिस ने पंचायत सचिव की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया गया है।

### गरीबों के लिए अभिशाप बनी दहेज प्रथा

**गाडरवारा।** सामाजिक संस्थाएं, शासन प्रशासन चाहे लाख दावा करें, लेकिन सच्चाई यह है कि समाज मे दहेज प्रथा की पूरी तरह से समाप्ति न होने से माध्यम वर्गिय परिवारों की बहुत सी युवतियॉ हर साल अविवाहित रह जाती है या फिर वरपक्ष के दहेज लोभियों की मांग पूरी न होने से उस पिता के अरमान भी अधूरें रह जातें है जिसने अपनी प्यारी बिटिया को खून पसीने की कमायी से परवरिश कर शिक्षित और सर्वगुण सम्पन्न बनाया होता है? वही लोगों द्वारा इस बर वक्ष की दहेज रूपी मांग को पूरा करने के लिए अनेक कन्याओं के पिता कर्ज में फंसकर दहेज लोभियों की मांग को तो पूरा कर देते है मगर बाद की स्थिति इस प्रकार से होती है कि उसका लेकर वह कर्ज पटाते हुए गुजारते हुए देखे जाते है? गौरतलब है कि क्षेत्रीय स्तर पर भी कारगर ढंग से दहेज मॉगने पर बंदिया नही लग सकी, जहॉ अमीर माने जाने वाले साधन संपन्न लोग अपनी शानों शौकत का प्रदर्शन कर न्यौछावर, उपहार के नाम वरपक्ष को भारी भरकम दहेज राशि देकर एक तरह से लक्ष्मी को आपमानित कर रहे है, वही दूसरी तरफ दहेज की चाहत की धधकती ज्वाला के बीच वह गरीब मुसीबत में पड़ गया, जिसके लिए भीषण महँगाई के दौर आजीविका चलाना कठिन हो गया है।

## विभागों की बेशकीमती जमीन पर खड़े बिना हेमर लगे पुराने पेड़

**गाडरवारा।** शासन प्रशासन हर वर्ष वृक्षारोपण अभियान के नाम पर लाखों रूपए पानी की तरह बहाया जाता है, वही कुछ संस्थाऍ ऐसी भी है जो शहर मे विशिष्ट राजनीतिक हस्तियों की आगमन की खबर से हरकत मे आकर प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण प्रयास करती है, लेकिन हकीकत है कि पूर्व मे शहर मे लगाये गए वृक्षों की हिफाजत करने मे कोताही बरती गयी है, जिसका परिणाम है कि हाल के वर्षो मे लगायें गए बहुत सें वृक्ष सूख गए है तथा हरियाली को लेकर शासन की मंशा पूरी होते हुए कही दिखाई नही दे रही है? विडम्बना की बात है कि यहॉ का लोक निर्माण विभाग, वन विभाग अपनी जमीन पर वर्षो से सीना तानकर खड़े पुराने वृक्षों की सुरक्षा कों कोई पहल नही कर रहा है। सूत्रों की माने तो पहले शासन की जमीन के दोनों किनारें लगे जो वृक्ष आधी, बारिश मे धराशायी हो गए थें उनकी कई माहों तक कोई सुध नही ली गयी और उनकी लकड़ी तक गायब हो गयी। कुद इसी प्रकार का हाल लोक निर्माण की भूमि पर लगे हुए बृक्षों को जान पड़ रहा है जानकारी के अनुसार अनेक जगहों पर लोक निर्माण की उसकी जमीनों पर लगे पुरानें पेड़ों को चिन्हित करनें मे बरती गयी लापरवाही के कारण हुई है। गौरतलब है वर्तमान मे भी पी.डब्लू.डी. की जमीन पर बड़ी संख्या मे आम, इमली, सागौन के पुराने वृक्षों का आस्तित्व है, जाहिर है इनमे से कुछ ऐसे वृक्ष भी है जो उम्र दराज होने के साथ साथ हर बरसात मे उनके अचानक गिरने की आशंका बनी रहती है इसलिए सम्बंधित विभाग की जवावदारी है कि ऐसे पुराने वृक्षों के कटवाने की व्यवस्था करें ताकि ये किसी दुर्घटना का सबब नही बने, वृक्षों को चिन्हित न करने के बारे मे यह सच्चाई भी सामने आयी है कि उक्त पुराने दरखतों के तनों पर नियमानुसार हेमर लगानें की व्यवस्था नही की गयी है, जिसका नतीजा है कि लोगों द्वारा इन पर कुल्हाड़ियॉ चलाने मे कोई संकोच नही किया जाता, ऐसा भी मिसालें पहले मिल चुकी है कि शासन की जमीन पर लगें अनेक पुरानें वृक्ष बेरहमी से काट डाले गए। आमजन अकारण उनकी सुख देने वाली छाया से वंचित रह गए। लेकिन आश्चर्यजनक बात है कि इसके बाद भी प्रशासन का अमला सचेत नही हुआ और पुराने वृक्ष असुरक्षित होते चले जा रहे है, इस तारतम्य मे जरूरी कहा जा रहा है कि नपा.की भूमि पर मुख्यमार्गो के किनारे जो सर्वाधिक पुराने पेड़ अविविकसित स्थिति मे हैं उनके कटवाने की व्यवस्था कर उनके स्थान पर नए वृक्ष लगवाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग से अपेक्षित है कि फिलहाल उसकी जमीन पर जों पुरानें पेड़ खड़े है।

### खेल मैदान बनाने की योजना आखिर में कहां हो गई गायब, खेल मैदानों के अभाव में ग्रामीण प्रतिभाये ऊभरने से हो रही वंचित



**सांईखेडा।** केन्द्र सरकार कुछ वर्ष पूर्व शुरू की गई हर गांव मे खेल मैदान बनाने की योजना पायका के अंतर्गत यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो कागजों पर ही खेल मैदान बनकर तैयार होते हुये देखे जा रहे है, क्योंकि लगभग सात वर्ष पहले लागू हुई इस योजना के तहत अभी तक एक भी खेल मैदान नजर नही आ रहा है जो इस योजना से बनकर तैयार हुआ हो? जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 मे केन्द्र सरकार द्वारा पंचायत युवा क्रीड़ा खेल अभियान पायका के तहत गॉवों मे खेल मैदान बनाने की योजना तैयार की गई थी, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों मे खेल गतिविधियों ओर खिलड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के निर्देश पर 5 हजार से अधिक की जनसंख्या वाले गॉवों मे खेल मैदान बनाए जाना था। सिखाएँगे खेल के गुर-चिन्हित ग्राम के सरकारी स्कूलों मे खेल मैदान तैयार किए जाने थे, जिनमे संविदा के आधार पर 500 रूपए प्रतिमाह पर एक प्रशिक्षक की भी नियुक्ति की होनी थी? इनकी नियुक्ति के लिए एक समिति के गठन का भी प्रावधान था, वही बताया जाता है कि इस समिति मे ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव और स्कूल के प्राचार्य शमिल होंगे, इस प्रशिक्षक को क्रीड़ाश्री नाम दिया गया है। यह प्रशिक्षक मैदान बनने के बाद बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेलों के गुर सिखाने के साथ साथ विभागीय गतिविधियों को भी संचालित करेगा नही मिली राशि-10 वर्षीय इस योजना मे ग्राम पंचायत मे स्कूल खेल मैदान एवं सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्र सरकार द्वारा राशि आवंटित की जाएगी, जिसमे गठित कार्यकारी समिति खेल मैदान का निर्माण, खेल सामग्री, मल्टी जिम आदि पर व्यय करेगे, लेकिन इन सभी गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार से आवंटन प्राप्त नही हुआ है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 मे केन्द्र सरकार द्वारा पंचायत युवा क्रीडा खेल अभियान के तहत गॉवों मे खेल मैदान बनाने की योजना तैयार की गई थी जो ग्रामीण क्षेत्रों मे खेल गतिविधियों और खिलडियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के निर्देश पर हजार से अधिक की जनसंख्या वाले गांवों खेल मैदान बनाए जाना थे, मगर इस योजना की शुरूआत होते होते कई वर्ष निकल गया, मगर अनेक पंचायतों में अभी तक न तो खेल मैदान दिखाई दे रहे है और न ही जिम्मेदारों द्वारा किसी भी प्रकार की रूचि लेते हुये देखा जा रहा है, जिसके चलते यह जान पड़ रहा हे कि शायद यह योजना मात्र कागजों तक ही सिमट कर पूर्ण हो चुकी है।

**खबर संक्षेप**

### जिले में 12 जुलाई तक 321.3 मि.मी. औषत वर्षा दर्ज की गई

**डिंडौरी।** 12 जुलाई 2024 तक डिंडौरी जिले में 321.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा की जानकारी प्रपत्र अनुसार 12 जुलाई 2024 तक डिंडौरी में 295.6, अमरपुर में 251.2, समनापुर में 196.7 बजाग में 295.0, करंजिया में 291.2 शहपुरा में 370.1 मेंहदवानी में 549.5 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

### जमीन में सो रही महिला की सांप के काटने से मौत

**अनूपपुर।** गुरुवार एवं शुक्रवार की दरम्यानी रात कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत निदावन गांव में परिजनों के साथ जमीन में सो रही 46 वर्षीय महिला की जहरीला सांप काटने से उपचार दौरान जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मौत हो गई। ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

**सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्यातिथ्य में ग्राम जरहानैझर में आयोजित हुआ गृह प्रवेश कार्यक्रम**

# पीएम जनमन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का कराया गृह प्रवेश



**डिंडौरी न्यूज ।** सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्यातिथ्य में पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम ग्राम जरहानैझर आयोजित हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अवधराज बिलैया, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद थे।

ग्राम जरहानैझर में आयोजित आज गृह प्रवेश के इस कार्यक्रम में पीएम जनमन योजना के तहत आज नवीन पीएम आवास भवन में हितग्राही श्री संतोष रूगढ़िया, श्री फूलचंद रूगढ़िया, सेवाराम रूगढ़िया सहित अन्य हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही प्रधामंत्री उज्वलता योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, संबंल योजना, पेंशन सहित शासन की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को



लाभान्वित कर हितलाभ का वितरण किया गया। उपस्थित मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।

# वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से गुमशुदा महिला सकुशल पहुंची अपने घर



**डिंडौरी ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर द्वारा गुमशुदा महिला को परिवार तक सकुशल पहुंचाया गया है। जानकारी अनुसार लक्ष्मी (परिविर्तित नाम) अपने पति के साथ भोपाल में रहती थी। पति के साथ विवाद हो जाने के कारण वह घर से रात्रि में निकल गई। महिला द्वारा स्पष्ट रुप से नहीं बताया गया कि किस प्रकार की घटना उसके साथ हुई है लेकिन उस घटना से महिला का मानसिक संतुलन बिगड गया है। लक्ष्मी उसी हालत में अपनी बेटी से मिलने के लिये जा रही थी लेकिन वह गलत ट्रेन में बैठकर उदयपुर (राजस्थान) पहुँच गई। वहां वन स्टॉप सेंटर भुवाणा (उदयपुर) को लक्ष्मी के बारे में सूचित किया गया। लक्ष्मी को वन स्टॉप सेंटर भुवाणा में ले जाकर उसका परामर्श किया गया, जिस दौरान यह पता चला कि लक्ष्मी ग्राम बूढन जिला डिंडौरी (म.प्र.) की रहने वाली है। लक्ष्मी के गांव के नजदीकी थाने से संपर्क कर गांव के सरपंच एवं महिला के बेटे से बात की गई, परन्तु उन्होने लक्ष्गी को घर ले जाने से मना कर दिया। इसलिये लक्ष्मी को वन स्टॉप सेंटर भुवाणा (उदयपुर) द्वारा शक्ति सदन सेवा मंदिर आश्रय हेतु भेज दिया गया, जहां लक्ष्मी 06 माह रही। वन स्टॉप सेंटर भुवाणा (उदयपुर) द्वारा डिंडौरी वन स्टॉप सेंटर संपर्क कर लक्ष्मी के विषय में सूचित किया गया। जिससे वन स्टॉप सेंटर डिंडौरी के माध्यम से लक्ष्मी के परिवार से बातचीत की गई। लक्ष्मी के परिवार के सदस्यों द्वारा बोला गया कि हम उदयपुर नही जा सकते है, यदि वहां से लक्ष्मी को डिंडौरी लाया जायेगा, तो हम उन्हें डिंडौरी से आकर घर ले जायेगें तब वन स्टॉप सेंटर भुवाणा (उदयपुर) के माध्यम से लक्ष्मी को शक्ति सदन सेवा मंदिर की केस वर्कर मेडम के साथ वन स्टॉप सेंटर डिंडौरी लाया गया। वन स्टॉप सेंटर डिंडौरी में लक्ष्मी को आश्रय दिया गया, जहां उसे दैनिक जरुरतों की सभी प्रकार की सामाग्री, कपडे एवं दोनो समय का चाय-नाश्ता एवं भोजन दिया गया। वन स्टॉप सेंटर डिंडौरी के माध्यम से लक्ष्मी के बेटे से संपर्क किया गया परन्तु वह डिंडौरी आने के लिये भी तैयार नही था। तब गांव के सरपंच के माध्यम से लक्ष्मी के घर जाकर बातचीत कर समझाईश दी गई एवं लक्ष्मी के परिवार वालों को अपने साथ लेकर वन स्टॉप सेंटर डिंडौरी आये। लक्ष्मी एवं उनके परिवार के सदस्यों को वन स्टॉप सेंटर में समझाईश दी गई की वह अपनी माता का अच्छे से ध्यान रखें एवं लक्ष्मी को उनके परिवार के सदस्यों के साथ घर भेज दिया गया। लक्ष्मी पिछले 06 माह से अपने परिवार से दूर थी वह अपने परिवार के सदस्यो से मिलकर बहुत खुश हुईं।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाड़ासरई में लगा रोजगार मेला "परवाज"

### 32 युवक-युवतियों ने कराया पंजीयन, 25 को मिला रोजगार

**डिंडौरी ।** जिला प्रशासन के नेतृत्व में गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाड़ासरई में रोजगार मेला ''परवाज'का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा की उपस्थिति में आज जिला रोजगार कार्यालय डिंडौरी द्वारा उक्त मेले का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में कुल 32 युवाओं ने रोजगार मेले में भाग लिया। इन प्रतिभागी युवाओं में से 25 युवाओं ने 6 अलग अलग कंपनियों में रोजगार प्राप्त किया। जिसमें निजी क्षेत्र के रोजगार प्रदाता कंपनियों में एस.आई.एस. अनूपपुर द्वारा 18, शिवशक्ति एग्रीटेक द्वारा 06 एवं वर्धमान मण्डीदीप भोपाल द्वारा 01 इस प्रकार कुल 25 युवक-युवतियों का चयन कर उन्हें रोजगार प्रदान किया गया। उक्त



कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती राधिका कुसरो, बी.आर.सी बजाग ब्रजभान सिंह गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं युवक-युवतियां मौजूद थे।

# कैंप के माध्यम से 208 हितग्राहियों के बनाये गए आयुष्मान कार्ड



### जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित हुए आयुष्मान कैंप

**डिंडौरी ।** शासन के निर्देशानुसार पीव्हीटीजी हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्रामों में आयुष्मान कैंप आयोजित किए गए। उक्त शिविर के माध्यम से आज जिले में कुल 208 पात्र हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान भारत कार्ड बनाये गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य विभाग की टीम के द्वारा कैंप के द्वारा हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना से लाभांवित किया गया। इस दौरान शिविर दल के द्वारा घर-घर जाकर भी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। यह शिविर जिले के सभी पीव्हीटीजी ग्रामों में आयोजित हुए, जिसमें जनपद पंचायत डिंडौरी में ग्राम पंचायत दुहनिया रैयत में सम्मलित ग्राम कुदवारी, बिजौरा, बटौंधा, पडरिया कला, पोंडी माल में सम्मलित ग्राम गोयरा रैयत, दुहनिया रैयत में सम्मलित ग्राम दुहनिया, पडरिया माल में सम्मलित ग्राम गोपालपुर, कुई माल में सम्मलित ग्राम परासी माल, अमनीपिपरिया रैयत में सम्मलित ग्राम अमनीपिपरिया माल, अमनी पिपरिया रैयत में सम्मलित ग्राम भरद्वारा, रामगुडा। जनपद पंचायत बजाग में ग्राम पंचायत चांडा में सम्मलित ग्राम सिलपिडी, पिपरिया माल, चाडा वनग्राम, पिपरिया माल में सम्मलित वनग्राम बौना, खम्हेरा, बिंझौरी माल में सम्मलित ग्राम पचगांव रैयत, भुरसी माल में सम्मलित वनग्राम तरच, खम्हेरा में सम्मलित ग्राम खपरीपानी, खम्हेरा में सम्मलित ग्राम शीतलपानी, सारंगपुर माल, बरसोद माल में सम्मलित ग्राम अतरिया रैयत। जनपद पंचायत करंजिया में ग्राम पंचायत खारीडीह, झनकी रैयत में सम्मलित ग्राम पांडपुर, उमरिया रैयत में सम्मलित ग्राम कुटेलीदादर, पंडरीपानी में सम्मलित ग्राम लदरादादर, पंडरीपानी में सम्मलित ग्राम कांदाटोला, चकमी माल में सम्मलित ग्राम बोयरहा, उफरी माल में सम्मलित ग्राम तरवरटोला। जनपद पंचायत मेंहदवानी में ग्राम पंचायत मेंहदवानी, डोकरघाट, डुलहरी। जनपद पंचायत समनापुर में ग्राम पंचायत अजगर, चांदरानी, सरई माल, देवलपुर में सम्मलित ग्राम सिमरधा, फिटारी, समनापुर, पिपरिया, फिटारी में सम्मलित ग्राम रंजरा। जनपद पंचायत शहपुरा में ग्राम पंचायत कारीगढहरी माल में सम्मलित ग्राम चाटी, देवरी कला, दल्का खम्हरिया में सम्मलित ग्राम टिकरा खम्हरिया। जनपद पंचायत अमरपुर में ग्राम पंचायत सिधौली, घेवरी रैयत में शिविर आयोजित किए गए।

## भारी बारिश में सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट हाथियों को रेस्क्यू करने लगाई गुहार

*कलेक्टर ने तत्काल काम शुरू करने का दिया आश्वासन*

**अनूपपुर।** हमारा गांव संगठन के सैकड़ों ग्रामीण भारी बारिश के बीच शुक्रवार 12 जुलाई की दोपहर कलेक्ट्रेट पहुँचे। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने तत्परता दिखलाते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पंवार और पुष्पराजगढ विधायक फुन्देलाल सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्य रंजीत सर्राटी और ग्रामीणों से मिले, उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना और उनका ज्ञापन लिया। कलेक्टर ने 24 घंटे के भीतर कार्यवाही शुरू करने का आश्वासन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों की समस्या से निजात पाने के लिये हमारा गाँव संगठन के प्रदेश सचिव रंजीत सर्राटी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मप्र शासन भोपाल के नाम कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपने ग्राम गोबरी, कल्याणपुर, गोरसी, गौरेला, वेंकटनगर, चोलना, खूंटाटोला, कांसा, लखनपुर, केकरपानी सहित अन्य गाँव के सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट अनूपपुर पहुंचे।

उन्होंने कलेक्टर को बतलाया कि विगत कुछ वर्षों से छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर, कोतमा के ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ से आए हाथियों की दहशत है। इसी वर्ष कई महीने से ये जंगली हाथी ग्रामीणों की फसलों, घरों और उनके जीवन को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उनके लिये बडा खतरा बन गये हैं। आए दिन इनकी घुसपैठ से फसलें नष्ट हो रही हैं, घरों को नुकसान हो रहा है और लोगों की जानें जा रही हैं। इन्हे रोकने, इन्हे हटाने के काम में वन विभाग और स्थानीय प्रशासन असफल साबित हुआ है।

# बैंक प्रबंधन की मनमानी रवैये से ग्रामीण उपभोक्ता हलाकान






**शहपुरा।** बैंक ऑफ इंडिया शहपुरा शाखा में पदस्थ कर्मचारियों की लापरवाही से इस आदिवासी अंचल के ग्राहकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चाहे वह बैंक में खाता खुलवाना हो या फिर केवाईसी जैसी आवश्यक प्रक्रिया। ग्रामीणों द्वारा अपने आधार नंबर और मोबाइल नंबर जोड़ने के लिये आवश्यक दस्तावेज दिये जाते हैं इस पर भी केवाईसी नहीं किया जाता जिससे ग्राहकों को कई-कई बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं । बैंक में खाता खुलवाने के लिये जाने वाले ग्राहकों को हफ्तों हफ्तों तक डाक्यूमेंट के नाम पर घुमाया जाता है और अंत में षाखा के द्वारा ऐसे ग्राहकों को कियोस्क से खाता खुलवाने की सलाह दी जाती है जबकि उन्हें बैंक के सारे नियम कानून कायदे मालूम होने के बाद भी कि कियोस्क में केवल छोटे खाते ही खोले जाते हैं तो ऐसे में बड़े खाते खोलने वाले ग्राहकों को सप्ताह भर परेषान होने के बाद कियोस्क में जाने की सलाह देना आखिर किस बात का परिचायक है । लेकिन दूसरी तरफ इस आदिवासी अंचल में अनपढ़ या कम पढ़े लिखे ग्रामीणों की संख्या ज्यादा है तो ग्रामीणों के लिये मोबाईल की अनुपलब्धता एवं ऑनलाईन बैंकिंग कार्य का निश्पादन या खाता खोलने जैसी प्रक्रिया क्या संभव है ? शहपुरा बैंक ऑफ इंडिया का कियोस्क में ग्राहकों की ज्यादा भीड़ होना और ग्राहकों का दिन-दिन भर भूखे-प्यासे रहकर अपने छोटे से काम की आस में बैठे रहना बैंक प्रबंधन की लापरवाह कार्यषैली को उजागर करता है । ऐसे में इस आदिवासी अंचल के ग्रामीणों को अपने छोटे-छोटे कामों के लिये आए दिन परेषानियों का सामना करना पड़ता है, अपनी रोजी-मजदूरी छोड़कर हफ्तों-हफ्तों भर ग्रामीणों को बैंक के चक्कर काटने पड़ते हैं तथा बैंक के कर्मचारी भारत सरकार के निर्देषों का हवाला देकर उन्हें बार-बार घुमाया जाता है ।

# नकली नोट छाप कर चलाने वाले आरोपियों को हुई दस वर्ष की जेल

**अनूपपुर**

न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल जिला अनूपपुर के द्वारा 11 जुलाई को सत्र प्रकरण क्र. 23/18, थाना जैतहरी के अप. क्र. 331/2017 धारा 489(क), 489(ख), 489(ग), 489(घ) भादवि के आरोपीगण मथुरा प्रजापति, पारसलाल यादव, रूपलाल पुरी, भुजबल मरावी, अनिलशरण दोशवा सभी को भादवि की धारा- 489(ख) के अपराध में 10 वर्ष का कठोर कारावास और 2 हजार रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया तथा धारा- 489(ग) के अपराध में 5 वर्ष का कठोर कारावास और 2 हजार रुपए अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया है। कठोर कारावास के दण्डादेश को न्यायालय द्वारा साथ-साथ भोगे जाने हेतु निर्देशित किया, मामले में राज्य की ओर से पैरवी प्र0 जिला अभियोजन अधिकारी हेमन्त अग्रवाल द्वारा की गई।

घटना 1 नवंबर 2017 को सुबह फरियादी अंशु प्रजापति अपनी किराना दुकान में था। सुबह साढे 6 बजे ग्राम छातापटार का मथुरा प्रजापति उसकी दुकान में आया और 500 का नोट क्र. 9 केएम700868 देकर 20 का सामान राजश्री, बीडी व पंजाबी तड़का लिया। उसने उसे 480 रूपये वापस दिया। उसी दिन शाम को उसने देखा कि मथुरा प्रजापति द्वारा दिया गया 500 रूपये का नोट का कागज मोटा था एवं दाएं भाग में 500 रूपये अंक में लिखे भाग के ऊपर गांधी जी का फोटो नहीं दिखाई दे रहा था। असली नोट से मिलाने पर उक्त 5 रूपये का नोट नकली था, जिसकी शिकायत उसके द्वारा जैतहरी थाने में की गई, थाने में अपराध क्र. 331/17 पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई, जैतहरी पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान मथुरा प्रजापति को गिरफतार कर उससे पूछताछ की गई, उसके कब्जे से एक और 500 रूपये का नकली नोट जब्त किया गया, आरोपी मथुरा प्रजापति द्वारा बताया गया कि आरोपी पारस लाल उसे चलाने के लिये दिया था, पारसलाल को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया उससे पूछ-ताछ की गई, उसके कब्जे से 500-500 के 34 नकली नोट जब्त किये गए, पारसलाल द्वारा नकली नोट आरोपी रूपलाल पनिका द्वारा दिए जाना बताया, रूपलाल पनिका से पूछ-ताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार किया, उसके कब्जे से 500-500 के 44 नकली नोट जब्त किये गए, आरोपी रूपलाल पनिका द्वारा नकली नोट आरोपी भुजबल से लेना बताया गया।उक्त जानकारी के आधार पर पुलिस द्वारा भुजबल से पूछताछ की गई, उसके कब्जे से 140 नग नकली 500 के नोट पाए गए, भुजबल द्वारा नकली नोट अन्य आरोपी अनिल शरण से प्राप्त होना बताया गया। अनिल शरण को भी गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे 197 नकली 500 के नकली नोट जब्त किये गए, अनिल शरण के कब्जे से ही नोट बनाने में प्रयोग किया गया प्रिंटर, कम्प्यूटर आदि सामग्री जब्त की गई। इस आरोपी द्वारा बल्देव सिंह को भी नकली नोट देना बताया, बलदेव सिंह के कब्जे से भी 20 नग 500 के नकली नोट जब्त किये गए। आरोपीगण से जब्त नकली नोटों को जांच हेतु एसबीआई बैंक एवं पुणे फॉरेंसिक विभाग को भेजा गया, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आरोपीगण से जब्त नोट फर्जी पाए गए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर की अध्यक्षता में आयोजित कमेटी द्वारा इस प्रकरण को चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरणों की सूची में शामिल किया गया। प्रकरण की विवेचना व अन्य कार्यवाही की मॉनिटरिंग पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा की गई और प्रकरण में राज्य की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी अनूपपुर द्वारा की गई। प्रकरण में विचारण के दौरान पैरवीकर्ता अभियोजन अधिकारी द्वारा विवेचना में आए सभी तथ्यों को न्यायालय के सामने रखा, और नकली नोटों की जब्ती आरोपीगण से ही हुई थी। इस संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत किया, तथा जब्तशुदा समस्त नकली नोटों और नकली नोटों के संबंध में आई रिपोर्ट को भी न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया समस्त नोटों को फर्जी होना प्रमाणित माना, न्यायालय द्वारा प्रकरण की गंभीरता और इस प्रकार के अपराध से देश की अर्थव्यवस्था पर पडने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए उक्त कठोर दण्डादेश से दण्डित किया है। प्रकरण का एक आरोपी बल्देव सिंह, अनुपस्थित रहा, उससे सम्पर्क स्थापित किया गया, उसकी कार्यवाही को प्रकरण से पृथक किया गया। इस आरोपी के अनुपस्थित होने के कारण जमानत मुचलके जब्त किये गए, स्थायी गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया और इस आरोपी के संबंध में निर्णय को बंद लिफाफे में रखा गया।

# भक्ति में डूबा कोयलांचल नगरी बदरा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**अनूपपुर।** श्री राधाकृष्ण महाराज की अहैतु की कृपा, पूर्वजों के आशीर्वाद और पूज्यपाद सद्गुरू की प्रेरणा से स्थानीय निवास गुरु आश्रम, सेमरा, कोयांचल नगरी बदरा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में आचार्य श्री बालकृष्ण पाण्डेय गुरु महाराज जी अपने श्रीमुख से भागवत कथा का रसास्वादन करा रहे हैं। कोयलांचल नगरी बदरा में श्रीमद् भागवत का आयोजन एक ऐतिहासिक और यादगार अनुभव बन गया। इस भव्य आयोजन ने न केवल लोगों को आध्यात्मिक रूप से जागृत किया बल्कि सामाजिक समरसता और सामुदायिक भावना को भी मजबूत किया। ऐसे आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भावी पीढ़ी को भक्ति और आस्था की राह दिखाते हैं। यह कार्यक्रम 5 जुलाई से प्रारंभ हुआ था और 14 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है और किया जाएगा जिनमें कलश यात्रा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, श्री रूकमणी कृष्ण विवाहोत्सव और सुदामा चरित प्रमुख हैं। इन सभी कार्यक्रमों में भक्तों का अपार उत्साह और सहभागिता देखने को मिली। भक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने जीवन को भगवान की कथाओं से आलोकित किया। इस पूरे आयोजन का समापन 14 जुलाई 2024 को होगा। समापन समारोह में हवन और पूणार्हुति के बाद, प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्तजन इस अवसर पर एकत्रित होकर भगवान की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। श्रीमद् भागवत कथा जैसे आयोजन सामाजिक समरसता और सामुदायिक भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## खबर संक्षेप

### नही रहे उमाशंकर दीक्षित

**नरसिंहपुर** । गत दिवस आंमगांव बड़ा निवासी दीक्षित परिवार के वयोवृद्ध नागरिक उमाशंकर दीक्षित का शुक्रवार शाम 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप पत्रकार ब्रजेश दीक्षित, अभिषेक दीक्षित एवं प्रशांत दीक्षित के पिता थे। अंतिम संस्कार आज शनिवार को दोपहर 12 बजे आमगांव में किया जावेगा ।

### भक्त मां कर्मा देवी मंदिर का हुआ भूमिपूजन



**नरसिंहपुर**। शुक्रवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा मां कर्मा देवी मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया गया। जिले की करेली तहसील के ग्राम छीतापार मे क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल एवं मनोहर लाल साहू अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा भूमि पूजन कार्य कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री पटैल ने समाज को संबोधित करते हुये यथा संभव सहयोग करने की बात कही अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि साहू समाज की आबादी पूरे देश में 12 प्रतिशत से अधिक है हमें संगठित रहना बहुत जरुरी है, सभी के सहयोग से बनने वाले इस मंदिर के निर्मित होने के बाद यहाँ सभी समाज बंधु नियमित रूप बैठक करें और अपनी समस्याओं के समाधान या अन्य विषयों पर विचार विमर्श करें। उक्त मौके पर कार्यक्रम में पेठिया प्रकाश चंद , मयंक मनोहर साहू , ईश्वर दास साहू , कैलाश साहू महेश साहू ,भूरे साहू , मोहन साहू , आयुष साहू , रमेश साहू , एवं अनेकों स्वजातीय बंधुओं सहित स्थानीय लोगो मौजूद रहे ।

### कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**नरसिंहपुर**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा गतिविधि कैलेण्डर अनुसार प्राचार्य डॉ. आर.बी.सिंह एवं आईक्यूएसी के निर्देशन में तथा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रभृति सेन के मार्गदर्शन में विश्व युवा कौशल सप्ताह अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुमित दुबे, कार्यक्रम अधिकारी जन शिक्षण संस्थान नरसिंहपुर द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया एवं शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कौशल विकास योजनाओं की जानकारी एवं जन शिक्षण संस्थान द्वारा चलाये जा रहे निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया एवं पंजीयन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जिला नोडल अधिकारी अजीत राय, डॉ. नमिता साहू, केशब पाण्डे एवं अन्य महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

### 25 जून 1975 संविधान हत्या दिवस घोषित

**नरसिंहपुर**। भारत सरकार द्वारा 25 जून 1975 को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत ने आजादी के बाद 25 जून 1975 को सभी संवैधानिक प्रावधानो को समाप्त कर एक व्यक्ति की सत्ता बनी रहे इसके लिए देश की सभी लोकतांत्रिक दलों के नेता जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी बाजपेयी, जॉर्ज फर्नांडिस, सर्वोदयी समाजवादी कांग्रेस के लोगों को जेल में बंद कर दिया गया हिंसा का नंगा तांडव पूरे देश में हुआ कभी अटल जी की कैबिनेट के मंत्रियों ने इसे लोकतंत्र की हत्या निरूपित करते हुए इसे पुनः बहाल करने वाले लोगों ने लोकतंत्र सेनानी कहा और इस संघर्ष को आजादी की दूसरी लड़ाई बताया इसको संविधान हत्या दिवस घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी गृहमंत्री माननीय अमित शाह जी का देश के समस्त लोकतंत्र सेनानी और जो जनतंत्र में आस्था रखते हैं उनकी और से लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी एवं सभी लोकतंत्र सेनानियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए इसे देश की ऐतिहासिक घोषणा कहा है इससे लोकतंत्र के प्रति लोगों की आस्था बढ़ेगी।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# चलित जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सदस्यों ने जताई सहमति

नरसिंहपुर





शुक्रवार को आगामी 17 जुलाई को जिले में मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाना है, जिसमें मस्जिदों में नमाज अदा की जायेगी एवं रात्रि में ताजिया निकाले जायेंगे। जिले में शांतिपूर्वक त्यौहार मनाये जाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में शांतिपूर्वक त्योहार मनाये जाने के लिए सदस्यों ने अपने-अपने विचार और सुझाव व्यक्त किये गये।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी सम्प्रदाय के लोग आपस में मिलजुल त्यौहार मनाते हुये जिले की इस गौरवशाली परम्परा को सदैव कायम रखें। रैली एवं जुलूस की समयपूर्व सूचना संबंधित एसडीएम एवं पुलिस थाने को दें। त्यौहार के अवसर पर पेयजल की सप्लाई बाधित न हो और मस्जिदों ईदगाहों के आसपास साफ- सफाई व लाईट की व्यवस्था सभी सीएमओ नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

### विद्युत की रहे वैकल्पित व्यवस्था

मोहर्रम पर्व के दौरान ताजिया निकलने के दौरान मार्गो पर समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा निर्देश संबंधित विभागों को दिये। शांति समिति की इस बैठक में कलेक्टर एवं एसपी कहा कि जहां भी इस आयोजन के दौरान अधिक लोगों के एकत्रित होने की संभावना है, वहां आयोजक समिति जुलूस में वैकल्पिक चलित जनरेटर की व्यवस्था भी रखें। इस पर समिति सदस्यों ने इस सुझाव को सहर्ष स्वीकारते हुए आश्वस्त किया कि वे इसे अपनाते हुए उक्ताशय की जानकारी से तहसील स्तरीय आयोजक समितियों को अवगत करायेंगे और इसका अनिवार्यतः पालन भी सुनिश्चित करवायेंगे। इसके अलावा आयोजक समिति द्वारा नियुक्त वालेंटियर्स की सूची भी पुलिस प्रशासन को उपलब्ध करवाकर आपसी समन्वय से कार्य करेंगे।

### सीसीटीवी कैमरे रहें चालू

बैठक में बताया गया कि किसी भी स्थिति में डीजे संचालन की अनुमति नहीं होगी। लाउड स्पीकर के लिए निर्धारित संख्या एवं ध्वनि सीमा क्षमता का पालन सुनिश्चित करवाया जायेगा। इन सभी निर्देशों को एसडीएम एवं एसडीओपी अनुभाग स्तर पर आयोजित शांति समिति की बैठक में बतायेंगे। बैठक में कलेक्टर एवं एसपी ने सभी से आग्रह किया कि वे इन चीजों को समझें और उनका पालन कराने में भी सहयोग करें। शहर के मुख्य सड़क मार्गों पर संचालित सीसीटीवी कैमरे भी चालू रहें। नगर पालिका चैराहे से लेकर सुभाष पार्क चैराहे तक शाम के वक्त अनावश्यक भीड़ नहीं हो, इसके लिए भी ट्रेफिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### अभिभावक नाबालिग बच्चों को न दे वाहन

बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि नाबालिग बच्चों द्वारा दोपहिया वाहनों को चलाया जा रहा है। इसके लिए अभियान की नहीं, बल्कि अभिभावकों को अपने स्तर से बच्चों को यह समझाइश देकर उन्हें वाहन चलाने देने से रोकने की आवश्यकता है। इस संबंध में एसपी अमित कुमार ने बताया कि जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चैकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया, मैथिली शरण तिवारी, डॉ. संजीव चांदोरकर, लाल साहब जाट, मो. हुसैन पठान, एड. विनय जैन, चै. जोगेन्द्र सिंह, सुनील कोठारी, दिनेश दुबे, इंद्रपाल सिंह, गुड्डू मालगुजार, अध्यक्ष जामा मस्जिद मो. नईम खान, शेख अज्जू, सईद खान, तरवर सिंह पटेल, मनोहर लाल साहू, चै. विभाष जैन, रज्जाक खान, कमलेश जैन, अन्य अधिकारी और समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# पत्रकारों को टोल नाकों पर मिले छूट



**नरसिंहपुर**। गत दिवस डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश भोपाल, राव उदय प्रताप सिंह परिवहन व शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश नरसिंहपुर इकाई के द्वारा ज्ञापन मध्य प्रदेश के पत्रकारों को टोल नाकों, बसों में छूट प्रदान करने संबंधी सौंपा। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के प्रदेश पदाधिकारी संजय पचैरी, जिला अध्यक्ष भागीरथ तिवारी,सचिव गीत गोविंद पटेल, संजय श्रीवास्तव, अंकित नेमा, भूपेंद्र कौरव, प्रदीप शर्मा, दीपक शर्मा,रामकुमार विश्वकर्मा ,राधे साहू, राजेन्द्र श्रीवास्तव, भुजवल राजपूत आदि ने आपने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों को शासन के द्वारा कुछ छूट प्राप्त हो इस हेतु निम्नांकित बिंदुओं पर सुविधाएं प्राप्त होने की और आपसे हम पत्रकार साथी आग्रह करते है। प्रदेश में संचालित किये जाने वाले टोल नाको पर छूट प्रदान किया जाये। प्रदेश में संचालित की जाने वाले यात्री बसो में पत्रकार एव पत्रकार के परिवारों को यात्रा करने पर किराये में छूट दी जाए। पत्रकार के परिवार के पुत्र पुत्रियों को शिक्षा से वंचित न होना पड़े इस हेतु शिक्षा के लिये निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाये। आपसे आग्रह है कि आप इन बिंदु को ध्यान में रखते हुये पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए सार्थक निर्णय करेगे ऐसी अपेक्षा करते ।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को सजा

**नरसिंहपुर**। गत दिवस न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) नरसिंहपुर श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा आरोपी निक्की उर्फ निकित मेहरा, उम्र 21 वर्ष आत्मज राजाराम मेहरा निवासी-स्टेट बैंक के सामने करेली, थाना करेली, जिला को धारा-366 क भादवि में दोषसिद्ध पाते हुये 10 वर्ष के सश्रम कारावास, 1 हजार रूपये अर्थदंड एवं धारा-3(क)/4 पॉक्सो एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुये 10 वर्ष के सश्रम कारावास, 1 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### टोल नाके के पास मारपीट का वीडियो वायरल

**नरसिंहपुर**। जिले में टोल नाके पर मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें महमदपुर टोल नाके पर कर्मचारी एक व्यक्ति को पीटते नजर आ रहे हैं। यह घटना कब की है और किसके साथ हुई इसपर पुलिस जांच कर रही है। वायरल हुए वीडियो के मामले में एसडीओपी मोनिका तिवारी ने बताया कि वीडियो को संज्ञान में लिया गया है। जांच के बाद जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी की जाएगी। वहीं टोल नाके का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने भी तत्काल संज्ञान लिया और थाना प्रभारी को प्रकरण में तत्काल जांच कर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एसपी ने बच्चों के बीच पहुँचकर किया संवाद



**नरसिंहपुर**। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता- 2023 के प्रावधानों पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया- झांसी घाट में सामुदायिक पुलिसिंग जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और ग्रामवासियों को नये कानून एवं साइबर अपराधों के बारे में बताया।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे। एसपी अमित कुमार ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पूछा कि उन्हें किसी प्रकार से विद्यालय आने- जाने में कठिनाई तो नहीं है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई अपराध होता है, तो इसकी जानकारी से पुलिस को अवगत करायें। उन्होंने शाम के समय स्कूल छोड़ने और प्रारंभ के समय बेरिकेट लगाने के लिए पुलिस थाना गोटेगांव को निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराध होने पर निरूशुल्क टोल फ्री नम्बर 1930 पर कॉल करें। उन्होंने समझाइश देते हुए कहा कि सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें। ट्रैफिक के नियमों, शराब, जुआं व सट्टा आदि आपराधिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। संवाद कार्यक्रम के दौरान गोटेगांव थाना प्रभारी, सरपंच, पुलिस थाना गोटेगांव का स्टाफ, शिक्षक, स्कूली विद्यार्थी और ग्रामवासी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने बैडमिंटन हॉल का लिया जायजा, खिलाड़ियों से की मुलाकात



**नरसिंहपुर**। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने नरसिंह ऑफिसर्स क्लब बैडमिंटन हॉल पहुँचकर खिलाड़ियों से मुलाकघत की। यहाँ बैडमिंटन खेलने आये खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बैडमिंटन खेलने आये खिलाड़ी अयान,अवन्या,भावेश से बातचीत में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि खेल के प्रति लगातार अभ्यास और लगन कड़ी मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। खेल का मैदान जीवन में बहुत सी चीजें सिखाता है। वर्तमान समय में बच्चे मोबाइल की दुनिया को ही सब कुछ समझते हैं। इस दुनिया से बाहर आकर खेलों में अपनी रुचि दिखाने की आवश्यकता है। खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इससे व्यक्ति के जीवन में स्फूर्ति एवं उत्साह का संचार होता है। खेलने से टीम भावना एवं जीवन मूल्यों का विकास होता है। कक्षाओं में जितना सीखने मिलता है उतनी ही सीख मैदान में भी मिलती है। खेलों से खेल भावना, अनुशासन, परस्पर सहयोग बढ़ता है। अपने बीच पहुँची कलेक्टर से मिलकर खिलाड़ी भी खुश हुए ।

### मंत्री श्री पटेल आज करेंगे पौधरोपण

नरसिंहपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य व पूर्व राज्य मंत्री श्री जालम सिंह पटेल व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में देवरीकलॉ स्थित रेशम केन्द्र में 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी रेशम विभाग नरसिंहपुर ने दी है।

# स्कूलों में जाकर नये कानून की जानकारी दे रही पुलिस



**तेंदूखेड़ा**- एक जुलाई से जारी हुई नई कानून व्यवस्था भारतीय न्याय संहिता को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटैरिया के मार्गदर्शन में तेंदूखेड़ा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मधुर पटैरिया एवं नगर निरीक्षक बी एस चैधरी के द्वारा तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले लगभग सभी शैक्षणिक संस्थाओं में पहुंच कर छात्रों को नये कानून व्यवस्था संशोधित धाराओं तथा अपराधों के बारे में काफी विस्तार से बताया जा रहा है। एस डी ओ पी मधुर पटैरिया ने महिलाओं से संबंधित अपराधों को समझाते हुए स्पष्ट किया कि कोई भी महिला अपने आप असहाय ना समझे समाज में उसे बराबरी का दर्जा प्राप्त है। छोटी छोटी सी बातों को सामाजस्य पूर्ण तरीके से आपसी तौर पर ही निपटाने के साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा संस्कार देने की बात कही।नशा मुक्ति को लेकर महिलायें समाज में अच्छी भूमिका निभा सकती है। इसमें पुलिस सदैव उनके सहयोग के लिए साथ खड़ी है। महिलाओं से संबंधित यौन उत्पीडन मामलों में भी सजा का प्रावधान बढ़ाया गया है तथा अब महिला अधिकारी और न्यायालय में भी महिला अधिकारी ही पेरवी करने जैसी विभिन्न आवश्यक जानकारी दी गई।अब पीड़ति फरियादी मोबाइल के माध्यम से एस एम एस या मेल पर संबंधित पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं। तथा मामलों से संबंधित संमंस एवं नोटिस भी एस एम एस के जरिए पुलिस जानकारी बतौर जारी कर सकती है।नगर निरीक्षक बी एस चैधरी ने वर्तमान समय में घटित हो रही साइबर अपराधों के बारे में काफी विस्तार से जानकारी दी तथा इस मामले में सजग रहने बगैर किसी से जानकारी लिए किसी अनभिज्ञ अपरिचितों से हमें मोबाईल पर मेसेज आदान-प्रदान से बचना चाहिए। आवागमन करते समय सुरक्षित यातायात की दिशा में हेलमेट पहन कर ही धीमी गति से नियमानुसार बाइक चलानी चाहिए नशे की हालत में ना तो किसी को बाहन चलाना चाहिए और ना ही किसी को चलाने देना चाहिए। समाज में हमारे जो नैतिक दायित्व है उन्हें भलि भांति निपटाना चाहिए। पर्यावरण सुरक्षा संरक्षण और जल संरक्षण संवर्धन की दिशा में सभी वर्गों को प्रेरित करते हुए स्वयं सहयोग करना चाहिए।इस मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक छात्र छात्राएं तथा पुलिस बल बड़ी संख्या में उपस्थित था।

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम से कई राज्यों में बढ़ा वोट प्रतिशतः उदय प्रताप



**नरसिंहपुर**। शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज महाराज ने राज्य एवं केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए लोकसभा चुनाव में मिली जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया। पत्रकार वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा भी मौजूद रहे। विगत दिवस भोपाल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विस्तारिक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 03 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मध्यप्रदेश सहित देशभर में इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकर द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत मिला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। उन्होंने कहा कि 2024 का यह चुनाव नीति, नीयत, निष्ठा और निर्णयों पर विश्वास का चुनाव रहा है। देश में बहुत से राज्य ऐसे है जहां भाजपा का अपना वोट प्रतिशत भी बढ़ाया है जिसकी मुख्य वजह भाजपा की सरकारें एवं कार्यकर्ताओं की लगन तथा मेहनत रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन मस्तिक में मध्यप्रदेश का विशिष्ट स्थान है। यह यूं ही नहीं कहा गया है कि मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी है। मध्यप्रदेश में इतिहास रचते हुए भाजपा ने पहली बार 29 में से 29 सीटें जीती है। यह रिकार्ड अब कोई भी तोड़ नहीं सकता है मध्य प्रदेश में पार्टी का मत प्रतिशत 2019 में वोट प्रतिशत 58.00 था, जो 2024 के चुनाव में बढ़कर 59.27 हो गया है। श्री राव ने कहा कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के वार्षिक बजट के आकार को दोगुना किया जाए। इस संबंध में पहला कदम 2023-24 के बजट की तुलना में बिना कोई नया कर लगाये वर्ष 2024-25 के बजट में 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। प्रदेश में निरंतर कुशल वित्तीय प्रबंधन एवं आर्थिक गतिविधियों के विस्तार से प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। 2003-04 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 13 हजार 465 रूपये थी, जो कि बढ़कर अब लगभग 11 गुना हो गई है। जनवरी-2024 में जारी रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश के 2 करोड़ 30 लाख लोग गरीबी से बाहर आये हैं। उक्त मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, राहुल कौरव, कार्यालय मंत्री कमल सिंह जाट, सहकार्यालय मंत्री शिशिरचरण दुबे, गौरव तिवारी, नवीन रामानी आदि उपस्थित रहे।

# 20 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फांसी लगा कर की आत्महत्या, जाँच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी लांजी थाना अंतर्गत आने वाली सुलसुली चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सर्रा के ग्राम गुलपुर में 11 जुलाई की दोपहर एक 20 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदखुशी कर लिया है। घटना की सुचना पहुचे ही देवरवेली चौकी प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार सुलसुली चौकी क्षेत्र के ग्राम गुलपुर निवासी देवेन्द्र सिरसाम पिता परदेसी सिरसाम उम्र 20 वर्ष की मौत गरुवार की दोपहर में हो गई थी । मिली जानकारी अनुसार मृतक देवेन्द्र कमाने हेतु हैदराबाद गया था तथा हैदराबाद से लौटे 2 ही दिन हुए थे कि अचानक गुरूवार के लगभग १२ बजे देवेन्द्र ने गाँव से थोड़ी देर में घूम कर अता हूँ कहकर निकला परन्तु ज्यादा टाइम बित जाने से परिजन परेसान होने लगे तव परिजनों ने देवेन्द्र की खोज बिन करना शुरु कर दि तथा पास पडोस व सगे संबंधियों से भी पूछ ताछ की गई 'जव देवेन्द्र का कही पता नहीं चला तब मृतक के परिजनों ने गाँव वालो की मदद से खेतों तथा खेत से लगे जंगलो में मृतक देवेन्द्र की खोज बिन करना शुरु कर दिया तब मृतक के पिता परदेशी सिरसाम को लगभग 4 बजे खेत से लगे जंगल में झाड़ियो के बीच में लगे कार्ली के पेड़ पर दुपट्टे से लटका हुआ मिला तब मृतक के पिता परदेसी के द्वारा घटना की सुचना सुलसुली चौकी में दी गई । लसली चौकी से पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लांजी सिविल अस्पताल लाया गया जंहा शव का पोस्टमार्डम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया । इस घटना से पुरे गाँव में मातम सा छा गया, वंही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है । परदेसी के दो पुत्र थे जिसमें मृतक देवेन्द्र वड़ा पुत्र था जो बुजुर्ग माता पिता का सहारा था।

# बनेरा से कोड़मी सड़क मार्ग का हाल-बेहाल : पीएम ने 4 माह पहले किया सड़क का शिलान्यास

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी के ग्राम बनेरा से कोड़मी को जोड़ने वाला 4.20 किमी का सड़क मार्ग बारिश के बाद बेहाल हो गया है. इस मार्ग पर सफर करना बेहद मुश्किल भरा हो गया है. जिसमें सर्वाधिक दिक्कत स्कूली विद्यार्थियों को हो रही है. इसी वर्ष 29 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीसी के जरिए इस सड़क का शिलान्यास किया था. ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सड़क का जल्द ही निर्माण कार्य होगा लेकिन इन चार महीनों में सड़क का कार्य शुरू नहीं हो पाया है. लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने अब तक सड़क की हालत को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई है. अभी बरसात के मौसम में आलम यह है कि यहां साइकिल, मोटर साइकिल चलाना तो दूर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है. लोहमारा और कोड़मी के विद्यार्थियों ने सड़क की बदहाली को देखते हुए बनेरा के हाईस्कूल जाना बंद कर दिया है कुछ बच्चों ने बनेरा हाईस्कूल से अपना नाम कटवा लिया है ताकि उन्हें रोज-रोज इस परेशानी का सामना ना करना पड़े. मतलब सड़क की बहदाली से ना सिर्फ कुछ गांवों का आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि गरीब बच्चों की शिक्षा पर भी असर पड़ रहा है. वैसे शिलान्यास होने के बाद अब तक महज 04 किमी. की इस सड़क का निर्माण हो जाना था। गौरतलब हो कि जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने वीसी के जरिए सड़क का शिलान्यास किया तो ग्रामीणों को लगा कि अब उनके दुखों का निवारण हो गया है. वह भी अब पक्की सड़क से आना-जाना करेगें. विधायक गौरव सिंह पारधी ने तब जनपद पंचायत में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में कहा था कि यह सौभाग्य की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हस्ते वीसी के जरिए कटंगी की दो सड़कों का शिलान्यास हुआ है. विधायक के मुताबिक प्रधानमंत्री के हस्ते सड़क का शिलान्यास होना सौभाग्य की बात है. मगर, सौभाग्य से बड़ी दुर्भाग्य की बात तो यह है जिस सड़क का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने 04 महीने पहले किया है उसका निर्माण आज तक जमीन पर शुरू नहीं हो पाया है. विभाग के कागजों में सड़क की क्या हालत है इस पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता. निश्चित तौर सड़क का शिलान्यास हो चुका है तो देर-सवेर सड़क का निर्माण होगा. मगर, आज जो स्थिति है और ग्रामीणों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है. उस तकलीफ को अधिकारी या जनप्रतिनिधि महसूस नहीं कर पा रहा है. करीब 35 सालों बाद इस सड़क का नवनिर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है. करीब 1 दशक से सड़क अपनी बहदाली पर आंसु बहा रही थी. अब जैसे-तैसे कार्य स्वीकृत हुआ है लेकिन इस बारिश में सड़क, समस्या और ग्रामीणों का दर्द पुराना ही है।